## संपादकीय

# जानलेवा आबोहवा

आईक्यूएयर एयरविजुअल एंड ग्रीनपीस द्वारा जारी हालिया रिपोर्ट बेचैन करने वाली है। इसमें बताया गया है कि वर्ष 2018 के दौरान प्रदूषण स्तर के मामले में गुरुग्राम दुनिया के सभी शहरों से आगे रहा और दुनिया के दस सबसे ज्यादा प्रदूषित शहरों में सात भारत में हैं, जिसमें चार राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में हैं। इन ?आंकड़ों का आधार हवा में शामिल पीएम 2.5 वह प्रदूषण का कण है जो फेफड़ों व रक्त में जम जाता है। चिंता की बात यह है कि इस स्थिति के बावजूद सरकारों की तरफ से कोई गंभीर कोशिश होती नजर नहीं आ रही है। कोई समाधान भी नजर नहीं आता जो हमारी चिंता को कम कर सके। हर साल मरने वालों का आंकड़ा बढ़ता है मगर सत्ताधीशों की तरफ से कोई प्रभावी बदलावकारी मुहिम शुरू होती नजर नहीं आती। ये वे शहर हैं जहां सारे देश से लोग रोजगार की तलाश में बड़ी संख्या में आते हैं। अधिक जनसंख्या घनत्व व सड़कों पर वाहनों की भीड़ इस प्रदूषण में ?इजाफा करती है। एक रिपोर्ट के अनुसार इस प्रदूषण में चालीस प्रतिशत हिस्सा वाहनों से उत्सर्जित है और बीस फीसदी प्रदूषण ?औद्योगिक इकाइयों द्वारा होता है। चलने की अवधि समाप्त हो जाने के बावजूद लाखों वाहनों आज भी सड़कों पर हैं जो जहरीले पीएम 2.5 कणों में इजाफा करते हैं।

दूसरी ओर अमेरिका स्थित अंतर्राष्ट्रीय खाद्य नीति व शोध संस्थान द्वारा जारी रिपोर्ट के अनुसार उत्तर भारत में जलाये जाने वाली पराली से देश की अर्थव्यवस्था को हर साल दो लाख करोड़ रुपये का नुकसान हो रहा है। सरकार की मनाही के बावजूद तीन-चार महीने पराली जलाने का काम पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश आदि राज्यों में होता है। संस्था ने नासा द्वारा उपग्रह से चिन्हित पराली जलाने वाले स्थानों की पहचान करने और इस दौरान इन इलाकों के अस्पतालों से एकत्र आंकड़ों के आधार पर होने वाले नुकसान का आकलन किया है। ये रिपोर्टें बताती हैं कि यदि समय रहते इससे बचने के गंभीर प्रयास नहीं हुए तो आने वाले समय में बड़ी कीमत चुकानी पड़ सकती है। विडंबना यह है कि तमाम सरकारी घोषणाओं व कानूनी डर के बावजूद किसान पराली जलाने से बाज नहीं आ रहे हैं। सरकार की ओर से प्रस्तुत वैकल्पिक योजनाएं भी किसानों को रास नहीं आ रही हैं। यह धुआं लाखों लोगों को मौत के मुंह में धकेल रहा है। इसी तरह पटाखों को जलाने से होने वाले प्रदूषण से अर्थव्यवस्था को हर साल पचास हजार करोड़ का नुकसान उठाना पड़ रहा है। दरअसल, किसानों को मानसिक व आर्थिक रूप से पराली जलाने से रोकने के लिये तैयार करने की आवश्यकता है।

# एसबीआई ने रिलीज करने से इनकार किया आरकॉम का आईटी रिफंड

## अनिल अंबानी के जेल जाने का खतरा

मुंबई (आरएनएस)। रिलायंस कम्युनिकेशंस (आरकॉम) को स्वीडन की टेलिकॉम गीयर कंपनी एरिक्सन का 453 करोड़ रुपये का बकाया चुकाना है, लेकिन लेंडर्स ने इसके लिए कंपनी का इनकम टैक्स रिफंड रिलीज करने से इनकार कर दिया है। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ने सोमवार को नैशनल कंपनी लॉ अपीलेट ट्राइब्यूनल में दी इंडिपेंडेंट पिटीशन में कहा है कि जब तक सभी पार्टियों में एक राय न बन जाएगी, कोई फंड रिलीज नहीं किया जाएगा।

आरकॉम को 19 मार्च तक एरिक्सन का बकाया चुकाना है लेकिन फाइनैंशल क्रेडिटर्स के फंड रिलीज करने से मना करने से वह बड़ी मुश्किल में फंस जाएगी। इस मामले में अगली सुनवाई मंगलवार 12 मार्च को होगी। एसबीआई आरकॉम से बकाया वसूल करने की कोशिश में जुटे 37 बैंकों और फाइनैंशल इंस्टीट्यूशंस के कंसॉर्शियम का लीड बैंकर है। एरिक्सन कंपनी का ऑपरेशनल क्रेडिटर है।

मामले में आरकॉम का पक्ष रख रहे सीनियर ऐडवोकेट कपिल सिब्बल ने एनसीएलएटी को सोमवार को बताया कि टेलिकॉम कंपनी को 19 मार्च तक एरिक्सन का बकाया चुकाना है। उन्होंने कहा कि एसबीआई ने लगभग 260 करोड़ रुपये का इनकम टैक्स रिफंड रोका हुआ है जिसे सीधे स्वीडन की कंपनी के पास जमा कराया जाना चाहिए।

जस्टिस एस जे मुखोपाध्याय की अध्यक्षता वाली एनसीएलएटी की दो मेंबर वाली बेंच ने यह कहकर एसबीआई की आलोचना की है कि अपीलेट ट्राइब्यूनल ने आरकॉम और एरिक्सन के बीच तय कंसेंट टर्म्स किए जाने की इजाजत दी थी क्योंकि बैंक ने अपनी अपील में अनिल अंबानी की टेलिकॉम कंपनी की सुंदर तस्वीर पेश करते हुए कहा था कि उसके ऐसेट्स को रिलायंस जियो खरीदने जा रही है।

# गूगल ने यौन उत्पीड़न के आरोपी पूर्व भारतीय कार्यकारी को हटने के लिए दिया 4.5 करोड़ डॉलर का पैकेज



सैन फ्रांसिस्को (आरएनएस)। गूगल यौन उत्पीड़न के आरोपी एक पूर्व भारतीय कार्यकारी को कंपनी से हटने के लिए 4.5 करोड़ डॉलर का पैकेज देने पर सहमत हुआ। यह मामला भारत में जन्मे अमित सिंघल से जुड़ा है जिन पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगा था और इसके चलते 2016 में उन्हें कंपनी से इस्तीफा देना पड़ा था। रिपोर्ट के अनुसार पहले इस पैकेज के बारे में सार्वजनिक जानकारी उपलब्ध नहीं थी। सिंघल कंपनी में वरिष्ठ उपाध्यक्ष के पद पर कार्यरत थे। उनके पास 2016 तक गूगल के सर्च परिचालन की जिम्मेदारी थी। सिंघल पर गूगल की एक कर्मचारी ने बाहर के एक कार्यक्रम के दौरान उसे पकड़ने का आरोप लगाया था।

न्यूयॉर्क टाइम्स की खबर के मुताबिक यह जानकारी गूगल की मातृ कंपनी एल्फाबेट के एक शेयरधारक द्वारा दायर कानूनी वाद के बाद सोमवार को सामने आयी। इस वाद में इस रकम का खुलासा किया गया है। शेयरधारक ने कंपनी के निदेशक मंडल के सदस्यों पर आरोप लगाया कि बोर्ड के सदस्यों ने उत्पीड़न के आरोपी कार्यकारी को कंपनी से बाहर निकालने के बजाय इतनी मात्रा में भुगतान करके अपनी जिम्मेदारियों का ठीक से निर्वहन नहीं किया है।

# अब सस्ता होगा घर खरीदना, लाखों की होगी बचत



नई दिल्ली (आरएनएस)। 1 अप्रैल से घर खरीदना आसान हो जाएगा। जीएसटी काउंसिल के अंडर कंस्ट्रक्शन प्रोजेक्ट और सस्ते घरों पर जीएसटी घटाने से आपको घर खरीदते समय लाखों का फायदा मिलेगा।

अगर आप पहली बार घर अंडर कंस्ट्रक्शन प्रोजेक्ट में फ्लैट खरीद रहे हैं तो अभी तक 12 प्रतिशत की दर से जीएसटी का भुगतान करना होता है। वहीं एक अप्रैल से यह दर घटकर 5 फीसदी हो जाएगी, जिस कारण जीएसटी में 7 फीसदी की कमी आएगी। जिसका सीधा असर मकान लेते समय लेनदेन पर होगा। इसके चलते 45 लाख रुपए की प्रॉपर्टी पर 3.15 लाख रुपए की सीधे बचत होगी।

अगर आप पहली दफा घर खरीदने जा रहे हैं तो प्रधानमंत्री आवासीय योजना के तहत होम लोन पर 2.67 लाख रुपए की सब्सिडी मिलेगी। इस तरह कुल 5.82 लाख रुपए की बचत होगी।

# जरूरत पड़ने पर बोइंग पर 'तत्काल' कार्रवाई कर सकता है अमेरिका



वाशिंगटन (आरएनएस)। अमेरिका का विमानन क्षेत्र नियामक बोइंग को उसके 737 मैक्स-8 में सुधार करने के आदेश देगा। इन सुधारों में इंजन के अचानक से बंद होने से रोकने के लिए 'एंटी-स्टॉलिंग सॉफ्टवेयर' लगाना शामिल है। फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन (एफएए) ने सोमवार को अंतरराष्ट्रीय नागर विमानन प्राधिकरणों से कहा कि ''डिजाइन में इन बदलावों को अप्रैल से पहले-पहले हर हाल में करना होगा।'' हालांकि अमेरिका ने अभी तक बोइंग के विमानों के परिचालन पर रोक नहीं लगायी। बोइंग भी बदलावों के हिसाब से अपने प्रशिक्षण पाठ्यक्रम और चालक दल के सदस्यों के दिशा-निर्देशों को अद्यतन करने के लिए तैयार है। इससे पहले एफएए ने कहा था कि वह समय-समय पर अमेरिकी वाणिज्यिक विमानों के सुरक्षा प्रदर्शन का आकलन और समीक्षा करता रहता है। एफएए के बयान के मुताबिक यदि उन्हें सुरक्षा से जुड़ी कोई खामी मिलती है तो वे उस पर तत्काल और उचित कार्रवाई करते हैं। एफएए ने वैश्विक नागर विमानन नियामकों को सूचित किया कि वह जल्द ही बोइंग के 737 मैक्स-8 से जुड़ी सुरक्षा जानकारियों को साझा कर सकता है।

# कार्लोविच ने थामा प्रजनेश का विजय अभियान, बोपन्ना भी बाहर



इंडियन वेल्स (आरएनएस)। प्रजनेश गुणेश्वरन का इंडियन वेल्स मास्टर्स में शानदार अभियान इवो कार्लोविच के हाथों लगातार सेटों में हार के साथ ही थम गया। भारतीय चॉलीफायर को क्रोएशियाई खिलाड़ी के हाथों 3-6, 6-7 (4-7) से हार का सामना करना पड़ा। यह मैच एक घंटे 13 मिनट तक चला। विश्व में 97वें नंबर के प्रजनेश ने कहा, उनकी करारी सर्विस पर रिटर्न लगाना आसान नहीं था। मेरे पास कुछ मौके थे लेकिन मैं उन्हें नहीं भुना पाया और इसका मैच के परिणाम पर असर पड़ा। प्रजनेश पहली बार एटीपी मास्टर्स प्रतियोगिता में हिस्सा ले रहे थे। उन्हें अपने शानदार प्रदर्शन के लिये 61 अंक मिले जिससे वह अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ 82वीं रैंकिंग पर पहुंच जाएंगे। इस बीच भारत के रोहन बोपन्ना और उनके जोड़ीदार डेनिस शापोवालोव युगल के दूसरे दौर में नोवाक जोकोविच और फैबियो फोगनिनी से 6-4, 1-6, 8-10 से हारकर बाहर हो गए।

# पाक का पैंतरा फेल, आईसीसी ने आर्मी कैप पर टीम इंडिया को दी क्लीन चीट

नई दिल्ली (आरएनएस)। आईसीसी ने सोमवार को पाकिस्तान को झटका देते हुए कहा कि भारत को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे वनडे मैच में देश के सैन्य बलों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने के लिए सैनिकों जैसी टोपी (मिलिटरी कैप) पहनने की अनुमति दी गई थी। गौर हो कि रांची में 8 मार्च को खेले गए सीरीज के तीसरे वनडे में भारतीय टीम ने पुलवामा आतंकी हमले में शहीद सीआरपीएफ जवानों के सम्मान में मिलिटरी कैप पहनी थीं तथा अपनी मैच फीस राष्ट्रीय रक्षा कोष में दान की थी। जिसका पाकिस्तान ने विरोध किया था।

# जानिए! हाथ में मौली बांधने के धार्मिक और वैज्ञानिक कारणों के बारे में



हिंदू धर्म में हाथ में मौली या कलावा बांधने को बहुत महत्व दिया जाता है और जब भी कोई शुभ कार्य किया जाता है तो सबसे पहले हाथ में कलावा बांधा जाता है। आखिर क्यों हाथ में कलावा बांधने को इतना महत्व दिया जाता है, आइए आपको बताते हैं इसके बारे में...

शास्त्रों के अनुसार जब कलाई में मौली बांधी जाती है तो इसे बांधते समय एक खास मंत्र का जाप किया जाता है और इसी वजह से ये मौली का धागा रक्षासूत्र का काम करता है। इसे बांधने से तीनों देवों की कृपा व्यक्ति को प्राप्त होती है और जिस कार्य के लिए मौली बांधी गई है वह निर्विघ्न संपन्न होता है। दूसरा कारण ये माना जाता है कि मौली को कलाई में बांधने से व्यक्ति के अंदर सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और नकारात्मकता दूर होती है जिससे व्यक्ति को हर कार्य में सफलता मिलती है। वहीं अगर इसके वैज्ञानिक महत्व पर नजर डालें तो माना जाता है कि कलाई पर जहां मौली बांधी जाती है उस जगह पर शरीर से जुड़ी हुई कई नसें होती हैं।

कलावा बांधने से पूरे शरीर में रक्त संचार सही तरीके से होता है और शरीर को ऊर्जा प्राप्त होती है। जिससे व्यक्ति कई प्रकार के रोगों से दूर रहता है।

# 5वां वनडे-दिल्ली के किले में जीत का झंडा गाड़ना चाहेंगे कैप्टन कोहली



नई दिल्ली (आरएनएस)। पिछले 4 मैचों में वर्ल्ड कप के लिए टीम संयोजन के समीकरण बनने के बजाए बिगड़ने के बाद अब भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बुधवार को होने वाले 5वें और अंतिम वनडे इंटरनैशनल मैच में सीरीज जीतने के लक्ष्य के साथ फिरोजशाह कोटला मैदान पर उतरेगी।

भारत ने जब इस सीरीज में कदम रखा तो तब माना जा रहा था कि इंग्लैंड एवं वेल्स में 30 मई से शुरू होने वाले वर्ल्ड कप के लिए उसे केवल 2 स्थान तय करने हैं लेकिन पिछले 4 मैचों में टीम के कुछ कमजोर पक्ष उभरकर सामने आए, जिससे वर्ल्ड कप संयोजन को लेकर थोड़ी अस्पष्टता बन गई है। लेकिन यह अच्छा है कि सही समय पर टीम प्रबंधन को तमाम पहलुओं पर मंथन करने का मौका मिलेगा।

भारत के पास पहले 2 मैच जीतने के बाद प्रयोग करने का मौका था लेकिन इसके बाद उसने अगले दोनों मैच गंवा दिए, जिससे 5वां मैच निर्णायक बन गया है। ऐसे में विराट कोहली एवं टीम का मुख्य लक्ष्य सीरीज जीतना बन गया है क्योंकि वह पिछले तीन वर्षों के अपने शानदार रेकॉर्ड को बरकरार रखने की कोशिश करेगी। भारत ने पिछले तीन वर्ष में जो 13 द्विपक्षीय सीरीजएं खेली हैं उनमें से 12 में जीत दर्ज की है। मोहाली में 359 रन का विशाल लक्ष्य हासिल करके रेकॉर्ड बनाने वाला ऑस्ट्रेलिया अब पहले 2 मैच गंवाने के बाद 5 मैचों की सीरीज जीतने वाली टीमों की विशिष्ट श्रेणी में शामिल होना चाहेगा।

रांची और विशेषकर मोहाली की जीत से उसका मनोबल बढ़ा होगा लेकिन स्पिनरों के लिए अनुकूल माने जाने वाली कोटला की पिच पर उसके बल्लेबाजों की कड़ी परीक्षा होगी। सीरीज से पहले लग रहा था कि भारत की वर्ल्ड कप टीम के 13 स्थान पक्के हैं और अब केवल दूसरे सलामी बल्लेबाज और एक गेंदबाज का स्थान तय करना है लेकिन अंबाती रायुडू की नाकामी, ऋषभ पंत का विकेटों के पीछे का लचरपन, केएल राहुल में निरंतरता का अभाव और युजवेंद्र चहल की क्षीण पड़ती मारक क्षमता ने टीम प्रबंधन के लिए चिंता बढ़ा दी है।

कोहली पिछले मैच में चौथे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरे थे लेकिन निर्णायक मैच की नजाकत को देखते हुए वह अपने घरेलू मैदान पर तीसरे नंबर पर ही उतर सकते हैं।

राहुल को एक और मौका मिलने की संभावना है और मैच की परिस्थितियों के हिसाब से उनका बल्लेबाजी क्रम तय किया जा सकता है।

## आज का राशिफल

मेषः आज का दिन आपके लिए मिश्रित फल कारक है। प्रथम भाव में चंद्रमा राज्य से सम्मान तथा रुके कार्यों का सिद्धि कारक है। शुभ व्यय कीर्ति की वृद्धि होगी।

वृषभः राशि का स्वामी शुक्र नवम भाग्य भाव में राज्य मान-प्रतिष्ठा की वृद्धि कारक है। सत्तारूढ़ महान व्यक्ति यों की कृपा से धन लाभ कराएगा। अवसर लाभ उठाने के लिए तैयार रहें।

मिथुनः आपकी राशि का स्वामी बुध मीन राशि का होकर दशम राज्य भाव में अस्त चल रहा है। व्यवसाय में सावधानी बरतें और जोखिम के कामों से दूर रहें।

कर्कः आज का दिन आपके लिए सुख शान्ति का रहेगा। पिछले कई दिनों से चला आ रहा तनाव आज कुछ कम हो जाएगा। राशि का स्वामी चंद्रमा दशम भाव में परा म वृद्धि और कोर्ट कचहरी में विजय कारक है।

सिंहः आपकी राशि का स्वामी सूर्य सप्तम भाव में कुंभ राशि का होकर संचार कर रहा है। चंद्रमा नवम राज्य में अकस्मात बड़ी मात्रा में लाभ कराकर कोष वृद्धि करेगा। सांय के समय हर्षदायक समाचार मिलेगा।

कन्याः आज का दिन आपके स्वास्थ्य एवं सुस्त पड़े कारोबार में सुधार का दिन है। इच्छित धन लाभ होने से मनोबल बढ़ेगा। रिश्तेदारों से मनोमालिन्य दूर करने का दिन है।

तुलाः आपकी राशि के स्वामी शुक्र का कुंभ राशि में प्रवेश हो चुका है। राजनीतिक क्षेत्र में कार्य करने का अवसर प्राप्त होगा। सांसारिक सुख भोगों का विस्तार तथा परिवार में हर्ष मंगलमय परिवर्तन के योग बन रहे हैं।

वृश्चिकः आज का दिन विशेष व्यस्त एवं तनाव मुक्त रहेगा। आपकी राशि पर शनि योग बना हुआ है। अतः विवेक से काम लें- निकटवर्ती लोगों से व्यर्थ के विवाद में न उलझें, हानि हो सकती है।

धनुः आपकी राशि पर मंगल अग्नि, चोर भायकारक है। तृतीय भाव में सूर्य ग्रह भी व्यर्थ व्यय व पत्नी को कष्टकारक है। सप्तम भाव में मेष राशि का चन्द्रमा सांय काल कुछ अच्छे समाचार व मन को संतोष देगा।

मकरः आज का दिन प्रभाव प्रताप का बढ़ाने वाला है। चतुर्थ प्रमुख केन्द्र भाव में चन्द्रमा भूमि, ज़मीन जायदाद के कार्यों से अकल्पित लाभ कारक है। श्रेष्ठ पुरुषों के मिलने से मन में प्रसन्नता होगी। उच्चाधिकारियों की कृपा से राज्य में बिगड़ा काम बन जाएगा।

कुंभः आपकी राशि का स्वामी शनि, धनु राशि का होकर एकादश भाव में विराजमान है। चन्द्रमा आज तृतीय घर में आय के नए स्रोत विकसित करेगा।

मीनः राशि का स्वामी देवगुरू पिछले कई दिनों से वृश्चिक राशि का होकर नवम भाव में चल रहा है। चन्द्रमा भी आज द्वितीय घर में उत्तम संपत्ति प्रदान करेगा।

## ऐसे बनाएं कीवी टमाटर का रायता



गर्मियों में खाने के साथ रायता बहुत ही अच्छा लगता है. कीवी सेहत के लिए काफी अच्छा होता है और इसमें विटामिन C और पोटैशियम भरपूर मात्रा में पाया जाता है.

**एक नज़र**

रेसिपी क्विजीन : इंडियन

कितने लोगों के लिए : 1 - 2

समय : 5 से 15 मिनट

मील टाइप : वेज

**आवश्यक सामग्री**

1 कप दही

1 कीवी टुकड़ों में कटा हुआ

1 टमाटर (बारीक कटा हुआ)

नमक स्वादानुसार

लाल मिर्च पाउडर स्वादानुसार

**विधि**

- सबसे पहले एक बाउल में दही डालें और इसे अच्छे से फेंटे.
- फिर इसमें कटी हुई कीवी मिलाएं.
- अब इसमें टमाटर, नमक और लाल मिर्च पाउडर डालकर अच्छे से मिक्स करें.
- तैयार है कीवी टमाटर का रायता. इसे सर्विंग बाउल में निकालकर ठंडा-ठंडा सर्व करें.

## शब्द सामर्थ्य-04

**बाएं से दाएं**

1. याद, स्मरण 3. अग्नि, आग, पवित्र करने वाला 6. गौ जाति का नर 8. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 10. मुस्कुराहट, तबस्सुम 11. खारा, नमक के स्वाद जैसा 14. मुख्यभाग, निचोड़ 16. पिंडली व एड़ी के बीच की दोनों ओर उभरी हड्डी, गुल्फ 18. अद्‌भूत, विचित्र 21. सम्राट, बादशाह, नरेश 22. कृति, निर्माण करना, बनाना 23. बड़ी थाली 24. समूह, दल 26. एहसानमंद, कृतज्ञ 27. ध्वनि, सदा 28. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर।

**ऊपर से नीचे**

2. अपमान, अनादर, अवज्ञा 3. जल, नीर, अम्बु 4. वाणी, वादा, कथन 4. कर्म शब्द का अपभ्रंश, भाग्य 7. लकड़ी का घूमने वाला एक गोल खिलौना, बिजली का बल्ब 9. लोग, प्रजा 10. यात्री, राही, पथिक 12. कीड़ा 13. चोचला, अदा 15. दंड 17. अवैध, अनुचित 18. जो आधिकारिक न हो, जो अधिकार प्राप्त न हो 19. जैसा होना चाहिए ठीक वैसा, सत्यपरक, वाजिब 20. ताकत, शक्ति 24. प्रश्न, समस्या 25. घटना, घटना का वर्णन 26. एक प्रसिद्ध पक्षी जो रात में विचरण करता है, लक्ष्मीजी की सवारी 27. पानी, चमक।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 03 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| टे | ढ़ा | मे | ढ़ा | ■ | म | हा | र | त |
| क | ■ | ह | ■ | ■ | ■ | ■ | ज | न |
| ■ | जा | न | की | ■ | क | म | नी | य |
| ■ | ■ | त | म | क | ना | ■ | ■ | ■ |
| म | ■ | ■ | त | ह | त | ■ | दा | ब |
| सी | मा | ■ | ■ | ला | ■ | स | न | द |
| हा | थ | म | ल | ना | ■ | वा | ■ | च |
| ■ | ■ | द | ■ | ■ | घा | ल | मे | ल |
| ■ | ब | द | ह | वा | स | ■ | ■ | न |

## सू-दोकू-04

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | 1 | 6 | | 2 | | 7 |
| 3 | | | | | | | | |
| | | 6 | | | | | 9 | |
| 7 | | | 5 | | 1 | | 3 | |
| | 8 | | | 9 | | 6 | | 2 |
| | | 4 | | | | | 7 | |
| | 3 | | | | 2 | 9 | | 6 |
| 6 | | 7 | 3 | | | | | 4 |
| | 4 | | | 1 | | 7 | 8 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.03का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 3 | 9 | 8 | 7 | 1 | 5 | 4 |
| 8 | 5 | 1 | 3 | 2 | 4 | 6 | 7 | 9 |
| 9 | 4 | 7 | 1 | 5 | 6 | 8 | 2 | 3 |
| 3 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 5 | 4 | 2 |
| 6 | 1 | 2 | 5 | 4 | 3 | 9 | 8 | 7 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 9 | 2 | 3 | 1 | 6 |
| 1 | 2 | 6 | 7 | 3 | 5 | 4 | 9 | 8 |
| 4 | 8 | 5 | 2 | 6 | 9 | 7 | 3 | 1 |
| 7 | 3 | 9 | 4 | 1 | 8 | 2 | 6 | 5 |